आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी के सतपुली में 172 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- केन्द्र ने उत्तराखण्ड को पूंजीगत निवेश के अंतर्गत विशेष सहायता योजना के तहत वर्ष 2024 के लिए लगभग 51 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।
- मुख्य सचिव ने जैविक खेती, सिंचाई क्षमता में वृद्धि और स्थानीय फसलों के विस्तार पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा —— राज्य सरकार का उद्देश्य विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना है।

लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जिले के सतपुली में कल बहुउद्देशीय सतपुली झील का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लिए 172 करोड़ 65 लाख रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इनमें 123 करोड़ 53 लाख रुपये की 4 योजनाओं का शिलान्यास और 49 करोड़ 12 लाख रुपये की 20 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतपुली झील का निर्माण क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा और यह क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान श्री धामी ने पलायन रोकने, स्वरोजगार बढ़ाने और स्थानीय उद्योगों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों का भी उल्लेख किया।

वित्तीय सहायता

केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड को इस वर्ष के लिए पूंजीगत निवेश के अंतर्गत विशेष सहायता योजना के तहत कुल पचास करोड़ सतानब्बे लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए केन्द्र सरकार और केन्द्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस धनराशि से राज्य में संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार के अनुरोध पर केन्द्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा यह धनराशि स्वीकृत की गई है।

राष्ट्रीय खेल बैठक

उत्तराखंड में आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने खेलों के आयोजन से पहले खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा, चिकित्सा सेवाएं और आयोजन स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विभागों को आवश्यक उपकरणों की खरीद समयबद्ध तरीके से पूरा करने और इसके लिए अनुमानित खर्च उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगमों से शहरों के सौंदर्यीकरण, सड़क मरम्मत और कूड़ा प्रबंधन के लिए विशेष कदम उठाने को कहा। साथ ही यूपीसीएल को आयोजन स्थलों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पार्किंग सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निस्तारण

चमोली जिले में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में आरक्षण से संबंधित आपत्तियों का निस्तारण 22 दिसंबर तक किया जाएगा। सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अधिकारियों को नामित किया गया है, जिनका कार्य आपत्तियों की सुनवाई और निस्तारण सुनिश्चित करना है। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 22 दिसंबर तक आपत्तियों की सुनवाई करके शाम 4 बजे तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके लिए संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समीक्षा बैठक

उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को स्थानीय स्तर पर भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी देने और समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। साथ ही, अनुसूचित जाति वाले बाहुल्य गांवों में सड़क निर्माण और आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने की बात की। उन्होंने श्रम कार्ड बनाने के लिए ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाने का भी निर्देश दिया।

निर्देश

चमोली जिले में कल से शुरू हुए सुशासन सप्ताह में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने सभी विभागों से लंबित शिकायतों का शीघ्र निवारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी ऑनलाइन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए, और गांवों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक शिकायतों का समाधान किया जाए।

कार्ययोजना समीक्षा

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों से जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और योजना के वित्तीय पोषण पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य सचिव ने कृषि और उद्यान विभाग को जैविक खेती, सिंचाई क्षमता में वृद्धि और स्थानीय फसलों के विस्तार पर ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, पर्यटन विभाग को पर्यटकों के लिए टिकाऊ पर्यटन दिशानिर्देश और शोध बढ़ाने के लिए कहा। ऊर्जा विभाग को ऊर्जा संरक्षण, सोलर योजनाओं और माइक्रो हाइड्रो योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग से पर्वतीय क्षेत्रों में वन संरक्षण और जैव विविधता पर निरंतर अनुसंधान करने की आवश्यकता जताई।

विमोचन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का निर्माण करना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से लागू करना भी है। वे देहरादून में क्रियान्वयन विभाग द्वारा प्रकाशित मेरी योजना—राज्य सरकार पुस्तक के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। यह पुस्तक जनता तक सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल और व्यावहारिक तरीके से पहुंचाएगी, ताकि हर पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सके। उन्होंने इस पहल को सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों तक पूरी जानकारी पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

सम्मान

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल को भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें राजनीति, समाज सेवा, और आध्यात्मिक क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा में और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री और कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

शुभारम्भ

उत्तराखण्ड राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून में महिला वैज्ञानिक कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि महिलाएं अब विज्ञान, तकनीकी, कौशल विकास, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं और युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीकी नवाचारों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विज्ञान क्षेत्र में योगदान करने वाली महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया।

सम्मेलन संबोधन

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि उत्तराखण्ड में कृषि और औद्यानिक फसलों के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित किसान तक सम्मेलन में उन्होंने राज्य की कृषि जलवायु को अनुकूल बताते हुए कहा कि उत्तराखंड में कृषि और औद्यानिक फसलों में बढ़ोतरी से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाने का उल्लेख किया।

प्रतिबंध

नैनीताल में 25 दिसंबर और 31 दिसंबर को बाहरी जिलों से आने वाले दुपहिया वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, शहर के भीतरी पार्किंग स्थल 70 प्रतिशत तक भरने के बाद बिना बुकिंग वाले वाहनों को प्रवेश से रोका जाएगा। यह कदम भीड़–भाड़ और यातायात जाम से बचने के लिए उठाया गया है। कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली और नैनी बैंड में पार्क किया जाएगा, और शटल सेवा द्वारा मंदिर तक पहुँचाया जाएगा।

विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी ने चमोली जिले के गौचर में दो दिवसीय विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जाएगा, ताकि विद्यालयों में सुरक्षा मानकों को बढ़ाया जा सके। अकादमी की कार्यक्रम निदेशिका डॉ. मंजू पांडेय ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों, शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाने के लिए तैयार करेगा।

एक नज़र समाचार पत्रों सुर्ख़ियों पर ––

संसद परिसर में बीते दिन सत्र के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच धक्का मुक्की हुई। इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर प्राथमिकता दी है। नवोदय टाइम्स समाचार पत्र लिखता है –– संसद परिसर में धक्का मुक्की, भाजपा के दो सांसद घायल, राहुल पर एफ०आई०आर।

अब सरकारी विभाग भी खरीदेंगे स्थानीय उत्पाद। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रिय सहारा की खबर है –– मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव ने जारी किये आदेश।